# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गडरारोड़ (जिला बाड़मेर)

**पीठासीन अधिकारी :— श्री सुरेश कुमार प्रथम, आर.ए.एस.**

**राजस्व आवेदन संख्या — 136 / 2024**

**अनवान**

| प्रार्थीगण | बनाम | विप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| 1. इलम पुत्र मलूक<br>2. जलाल पुत्र मलूक<br>3. राजू पुत्र मलूक<br>4. अलु पुत्र दरू<br>5. बहादुर पुत्र दरू<br>6. मांधल पुत्र दरू<br>7. मीरा पुत्र दरू<br>8. इस्मत पत्नी दरू<br>9. मजीद पुत्र हुसै<br>जाति मुसलमान निवासी बाण्डासर तहसील गडरारोड़ जिला बाड़मेर | | 1. तहसीलदार गडरारोड़ जिला बाड़मेर<br>2. दलपत गिरधारी जाति माहेश्वरी निवासी गडरारोड़ तहसील गडरारोड़ जिला बाड़मेर<br>3. शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा गडरारोड़ जिला बाड़मेर<br>4. शाखा प्रबंधक राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा गडरारोड़ जिला बाड़मेर<br>5. शाखा प्रबंधक राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा जैसिंधर जिला बाड़मेर. |

**राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956**

**उपस्थिति :—1. श्री ईश्वरसिह भाटी अधिवक्ता प्रार्थी।**

उपखण्ड अधिकारी सत्यमेव जयते गडरारोड़, जिला बाड़मेर

**निर्णय** **दिनांक** 26/02/26

संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि तहसील गडरारोड़, पटवार मण्डल गड़रारोड के ग्राम बाण्डासर में प्रार्थीगण के खातेदारी में खसरा नम्बर 6 रकबा 1.9668 हैक्टेयर भूमि आई हुई है। प्रार्थी संख्या 02 की भूमि प्रार्थीगण की भूमि के पड़ौस के में खसरा नंबर 579/6 रकबा 8.0937 हैक्टैयर आई हुई है। जो मूल खसरा नंबर 6 का ही भाग थी जिसमें पूर्व खातेदारो ने उक्त भूमि विप्रार्थी संख्या 2 को बेचान की थी। प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि तहसील गडरारोड़, पटवार मण्डल गड़रारोड के ग्राम बाण्डासर में प्रार्थीगण के खातेदारी में खसरा नम्बर 6 रकबा 1.9668 हैक्टेयर भूमि आई हुई है। प्रार्थी संख्या 02 की भूमि प्रार्थीगण की भूमि के पड़ौस के में खसरा नंबर 579/6 रकबा 8.0937 की लट्ठा ट्रेस व ऑनलाईन नक्शा में की गई गलत तरमीम को निरस्त करते हुए विवादित भूमि के नामांतरकरण संख्या 446 की पुश्त पर दर्ज तरमीम प्रदर्श अनुसार तरमीम दुरस्त (शुद्धिकरण) करवाने का आदेश प्रदान कराने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदन दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया। तहसीलदार गडरारोड़ से मौका रिपोर्ट तलब की गई। विप्रार्थी संख्या 02 ... सूचना अनुपस्थित रहने से उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई है।

मौका रिपोर्ट पर उभयपक्ष अधिवक्तागण की बहस सुनी गई। प्रार्थी अधिवक्ता ने अपनी बहस में निवेदन किया कि तहसीलदार गडरारोड से प्राप्त मौका रिपोर्ट अनुसार ऑनलाईन भू–नक्शा में अंकित तरमीम जिसको संलग्न नक्शा में परिशिष्ट–ब व मौका

Signature Not Verified
Digitally signed by Suresh Kumar
Date: 2026.03.19 13:09:43 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी गडरारोड (बाड़मेर)

Scanned with OKEN Scanner

...ा–काश्त जिसे संलग्न नक्शे परिशिष्ट–अ मे भिन्नता है। इसकी तरमीम संलग्न नक्शे परिशिष्ट–अ अनुसार की जावे।

तहसीलदार गडरारोड से प्राप्त मौका रिपोर्ट में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया कि प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि तहसील गडरारोड़, पटवार मण्डल गड़रारोड के ग्राम बाण्डासर में प्रार्थीगण के खातेदारी में खसरा नम्बर 6 रकबा 1.9668 हैक्टेयर विप्रार्थी संख्या 02 की भूमि खसरा नंबर 579/6 रकबा 8.0937 की वर्तमान लठ्ठा ट्रेस व ऑनलाईन भू–नक्शा में अंकित तरमीम जिसको संलग्न नक्शा में परिशिष्ट–ब से दर्शाया गया हे व मौका कब्जा–काश्त जिसे संलग्न नक्शे परिशिष्ट–अ से दर्शाया गया है परिशिष्ट–अ अनुसार ही खसरा नंबर 06 के खातेदार मौके पर काबिज है व मेदूसर परत पीछे अंकित तरमीम इसी अनुसार है।

हमने प्रार्थीगण अधिवक्ता की बहस व तहसीलदार से प्राप्त मौका रिपोर्ट एवं पत्रावली में मौजूद दस्तावेजो का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया।

लिहाजा प्रार्थीनी का तरमीम दुरस्ती करवाने का आवेदन स्वीकार किया जाकर तहसील गडरारोड़, पटवार मण्डल गड़रारोड के ग्राम बाण्डासर में प्रार्थीगण के खातेदारी में खसरा नम्बर 6 रकबा 1.9668 हैक्टेयर विप्रार्थी संख्या 02 की भूमि खसरा नंबर 579/6 रकबा 8.0937 की तरमीम मौका रिपोर्ट के संलग्न नक्शे परिशिष्ट–अ अनुसार तहसीलंदार गडरारोड को तरमीम दुरस्त करने का आदेश दिया जाता है। तहसीलदार रिपोर्ट के संलग्न नक्शा (परिशिष्ट–ब) इस आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

(सुरेश कुमार प्रथम)
उपखण्ड अधिकारी
गडरारोड़

निर्णय आज दिनांक 26.02.2026 को सरे इजलास में सुनाया गया व मुहर अदालत के जारी किया गया।

उपखण्ड अधिकारी
गडरारोड़

उपखण्ड अधिकारी गडरारोड, जिला-बाड़मेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Suresh Kumar
Date: 2026.03.19 13:09:43 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner